प्र०५ - IV

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, Email- bseapatna@gmail.com, वेबसाईट : www.bsea.bihar.gov.in

पटना/दिनांक 19/01/2024

अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ विधि 1-3/2024 103 प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 2430 दिनांक 27.12.2023 द्वारा अन्य समितियों के साथ बिस्फी व्यापार मंडल सहयोग समिति लि0, जिला- मधुबनी का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था, जिसके अनुसार दिनांक 16.01.2024 एवं 18.01.2024 को नामांकन का कार्यक्रम निर्धारित था।

2. समादेश याचिका संख्या- 15560/2023 रामचन्द्र यादव -बनाम- बिहार सरकार एवं अन्य में दिनांक 16.01.2024 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), बिस्फी, जिला- मधुबनी के पत्रांक 849/निर्वा0 दिनांक 16.01.2024 के द्वारा बिस्फी व्यापार मंडल सहयोग समिति लि0 के नामांकन एवं उससे संबंधित अन्य कार्यो पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाया गया है।

3. माननीय उच्च न्यायालय के प्रसंगाधीन आदेश के आलोक में बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा बिस्फी व्यापार मंडल सहयोग समिति लि0 के निर्वाचन से संबंधित आगे की अन्य कार्यवाहियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाती है।

4. अधिसूचना संख्या- 2430 दिनांक 27.12.2023 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 103 पटना/ दिनांक 19/01/2024

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : 103 पटना/ दिनांक 19/01/2024

प्रतिलिपि: प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), मधुबनी/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स0स0), मधुबनी/ वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, मधुबनी/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), बिस्फी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 103 पटना/ दिनांक 19/01/2024

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 103 पटना/ दिनांक 19/01/2024

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।